## महत्वपूर्ण एवं खास

### 4000 से अधिक शिक्षकों को झटका, शिक्षा मंत्री ने की बड़ी कार्यवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग में 4000 से अधिक शिक्षकों के पदोन्नति के बाद पदस्थापना संशोधन आदेश को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपी गई जांच रिपोर्ट और सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित आदेश दे दिए हैं। जून-जुलाई में जारी हुए पदोन्नति, पदस्थापना संशोधन आदेश में यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि मुख्यमंत्री के समन्वय के बाद विभागीय स्तर पर जांच करवाई गई। जांच में गड़बडियां पाई गईं हैं। जेडी को संशोधन आदेश जारी करने का पॉवर ही नहीं है। उन पर कार्रवाई हो चुकी है। अब पदस्थापना संशोधन सूची रद्द करने के आदेश हो चुके हैं।

### तीन महिलाओं पर गिरी गाज, एक गंभीर

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के ग्राम संबलपुर बोडरा में खेत मे काम कर रही महिलाओं पर बिजली गिर पड़ी। इस हादसे में तीन महिलाऐं जख्मी हुई है जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम संबलपुर बोडरा में खेत में वहीं की रहने वाली महिलाएं महिला सावित्री बाई,पुनिया और सुमन बाई साहू अन्य लोगों के साथ काम कर रही थी इसी दौरान महिलाओं पर आसमानी आफ त मुसीबत बनकर टूट पड़ी। दअसल महिलाएं महिला सावित्री बाई,पुनिया और सुमन बाई साहू पर गाज गिरी जिसकी चलते तीन महिलाएं बेहोश हो गई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें से सावित्री बाई की हालत गंभीर है तथा महिला पुनिया और सुमन बाई साहू की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### हथियार लहराते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में दो युवकों को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम अछोली हीरा गार्डन बजरंग मंदिर के पास एक व्यक्ति लोहे का चापडनुमा धारदार हथियार लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी पुष्पहास उर्फ रिंकू वर्मा पिता स्व तुकाराम वर्मा उम्र 27 साल निवासी नागेश्वर नगर बीरगांव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें लोहे का चापडनुमा धारदार हथियार जप्त किया गया। इसी प्रकार एक अन्य मामले में थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम उरला, सुभाष चौक उरला में नारियल काटने का एक लोहे का धारदार बड़ा चाकू जैसा हथियार लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहे चन्द्रशेखर उर्फ छोटे कर्मकार पिता स्व ईतवारी राम कर्मकार उम्र 24 साल निवासी त्रिमूर्ति नगर उरला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें नारियल काटने काधारदार बड़ा चाकू जैसा हथियार जप्त किया गया कहै। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना उरला में 23 धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### हाथियों दल ने महिला को कुचला, मौत

**मनेन्द्रगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले खडग़ांव तहसील में हाथियों का आतंक जारी है। यहां हाथियों के दल ने एक महिला कुचल डाला। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसर मामला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर खडग़ांव तहसील के ग्राम पंचायत जरौंधा का है जहां शनिवार रात खाना खाकर घर के बाहर टहलने निकली राजकुमारी पति वीरान सिंह को हाथियो के दल ने कुचल दिया। इस हादसे मे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि हाथियों का दल जरौंधा के जंगलों में विचरण करते हुए शनिवार रात रहवासी क्षेत्र में पहुंचा था इसी दौरान महिला भी घर के बाहर निकली थी और चपेट में आ गई। महिला की मौत के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर वन अमले ने मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सोने की चेन पर अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ

**रायपुर (आरएनएस)।** दुबे कालोनी स्थित शुभकामना अस्पताल के पास एक मकान से अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने का चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ऐश्वर्य तिवारी 22 वर्ष शुभकामना अस्पताल के पास दुबे कालोनी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत की कि रक्षाबंधन त्योहार के दिन 30 अगस्त को अज्ञात चोर ने उसके घर के कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने का चेन पार कर दिया।

# देर रात बॉर्डर चेकपोस्ट के निरीक्षण में पहुंचे रायगढ़ कलेक्टर व एसपी

- गुजर रहे वाहनों की करवाई जांच, पकड़ाया अवैध गिट्टी परिवहन करता एक ट्रक
- ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को मुस्तैदी से जांच करने के दिए निर्देश
- निर्वाचन के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में बढ़ायी गयी निगरानी



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार कल देर रात रायगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाकों के निरीक्षण में निकले। उन्होंने सीमा पर बने हमीरपुर और रेंगालपाली चेक पोस्ट का जायजा लिया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच भी उन्होंने अपने सामने करवाई। अधिकारियों ने बॉर्डर के चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध और संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इस बीच गुजर रही गाडिय़ों के निरीक्षण के दौरान अवैध गिट्टी परिवहन करता एक ट्रक भी पकड़ा गया।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि चुनाव नजदीक है ऐसे में पैसों, शराब तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्यवाही बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ परिवहन, आबकारी, खनिज विभागों की टीमों को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करना है। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि गुजरने वाले वाहनों की अच्छे से जांच की जाए। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था के लिहाज से जांच नियमित रूप से जारी रहे। इसमें कहीं कोई कोताही न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि आगामी निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर लगातार जिले के उच्च अधिकारी समीक्षा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में पिछले दिनों झारसुगुड़ा में एक उच्च स्तरीय अंतर्राज्यीय बैठक भी आयोजित की गई थी। जिसमें रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ और ओडिसा के सीमावर्ती सारंगढ़-बिलाईगढ़, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़ और बरगढ़ इन 5 जिलों के कलेक्टर व एसपी ने बैठक कर निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए सीमा पर कड़ी निगरानी और सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर समन्वित कार्ययोजना के साथ काम करने की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसके साथ ही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने एसपी रायगढ़ सदानंद कुमार और एसपी सारंगढ़ आशुतोष सिंह के साथ बैठक लेकर विभागों को संयुक्त टीम बनाकर क्रॉस बॉर्डर परिवहन की सघन जांच और कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश दिए थे।

## एसएसपी रायगढ़ के निर्देशन पर जिले में चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान

### बार्डर पर वाहनों की हो रही सघन जांच

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत रविवार दिनांक 03.09.2023 को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। बीते रात कलेक्टर रायगढ़ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा स्वयं जिले के विभिन्न चेक पोस्ट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया था। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिले में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया। सभी चेक पोस्ट एवं प्रमुख मार्गों पर अधिकारियों के साथ जवानों द्वारा वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहन के डिक्की के साथ-साथ कागजातों को भी चेक किया गया तथा बिना कागजात और नियम विरूद्ध वाहन चलाते पाये गये वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एडिशनल एसपी संजय महादेव एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तमनार पुलिस द्वारा हमीरपुर चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग के दौरान तमनार थाना क्षेत्र से आज सुबह घर से बिना बताए लापता हुआ युवक (25 साल) मिला। युवक कुछ परेशान लग रहा था पूछताछ में जानकारी मिली कि युवक घर पर बिना बताए कहीं जा रहा था, परिजन थाना तमनार में आज उसके गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, दस्तयाब गुम इंसान को थाना लाकर परिजनों की उपस्थिति में दस्तयाबी पंचनामा तैयार कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। चुनावों को देखते हुये दिगर राज्यों से मादक पदार्थों व आपत्तिजनक सामाग्रियों की तस्करी रोकने तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से आगे भी चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# ग्राम सिसरिंगा में धरमजयगढ़ पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहने किया प्रेरित



रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में आज दिनांक 03.09.2023 को प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन लखीसरानी द्वारा धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिसरिंगा में नशा उन्मूलन को लेकर रहवासियों से विशेष कर युवाओं से संवाद किया गया। प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक लखीसरानी द्वारा युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर नशे को अपराधों बढ़ावा देने वाला और नशे से ग्रसित व्यक्ति का समाज में मान सम्मान नहीं होना बताया गया, उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने और अपने करियर पर ध्यान देने प्रेरित किया गया और उन्हें रहवासियों को वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी ने ग्राम सिसरिंगा के प्रमुखों व्यक्तियों व कोटवारों से चर्चा कर मतदान केन्द्रों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्हें बाहर से आए लोगों की जानकारी नियमित रूप से थाना का दिये जाने कहा गया है। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के साथ थाना धरमजयगढ़ का स्टाफ मौजूद रहे।

# खनिज विभाग ने अवैध परिवहन करते 14 ट्रकों को किया जब्त

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बैठक में लगातार कार्यवाही के दिए हैं निर्देश

**रायगढ़।** जिले के खनिज विभाग ने आज अभियान चला कर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की। जिसमें 14 वाहनों को खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया।



इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने समीक्षा बैठक लेकर खनिज के अवैध परिवहन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आज खनिज अमला, रायगढ़ द्वारा जिले में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गौण खनिज चूनापत्थर के 10 वाहन, कोयला के 01 वाहन, रेत के 02 वाहन एवं मुरूम के 01 वाहन के द्वारा अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 14 वाहनों को पुलिस थाना चक्रधरनगर के अभिरक्षा में रखा गया है।

उपरोक्त प्रकरणों में छ.ग. गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। जिला खनिज अधिकारी सिंह ने बताया कि जिले के खनिज ठेकेदारों /खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। अत: अवैध परिवहनकर्ताओं एवं उत्खननकर्ता के विरूद्ध पुन: इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज, राजस्व एवं पुलिस अमला के संयुक्त दल द्वारा विशेष अभियान चला कर निरन्तर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा।

# रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला जहां ग्राम पंचायतों में यूपीआई से टैक्स लेने की हुई शुरुआत

- डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने जिले के पंचायतों के बनाए गए यूपीआई आईडी
- करदाता सीधे पंचायत के खाते में जमा कर रहे टैक्स की राशि
- लोगों ने कहा इससे बढ़ेगी पारदर्शिता और बचेगा समय





**रायगढ़।** यूपीआई और क्यूआर कोड से ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा आज शहर से लेकर गांवों तक कमोबेश हर व्यापारिक व्यवसायिक संस्थानों में देखने को मिल जायेगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन पेमेंट से करों के भुगतान की सुविधा मुहैय्या कराई जा रही है। इससे करदाता क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे पंचायत के खाते में टैक्स की राशि जमा कर सकता है। डिजिटल पेमेंट के रूप में पंचायतों द्वारा कर संग्रहण की शुरुआत करने वाला रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने बताया कि टेक्नोलॉजी को लोक सुविधाओं से जोड़ते हुए पंचायतों में यूपीआई कोड के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट की शुरुआत की गई है। इससे करदाता पंचायत आकर सचिव से अपने टैक्स की राशि की गणना करवाकर कर तत्काल उसका भुगतान यूपीआई के जरिए पंचायत के बैंक खाते में सीधे जमा कर सकता है। इससे एक ओर जहां राशि खाते में जमा होने से कर संग्रहण में पारदर्शिता बढ़ेगी वहीं नकद में मिलने वाली राशि को बैंक में जमा करने में लगने वाले समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पंचायतों के यूपीआई आईडी बनाए गए हैं। इस मामले में भी रायगढ़ प्रदेश में अव्वल है।

लोगों ने कहा आज के दौर की यह पहल जरूरी, बढ़ेगी पारदर्शिता और बचेगा समय गांवों में लोगों यूपीआई से अपने टैक्स का पेमेंट भी शुरू कर दिया है। पुसौर ब्लॉक के ग्राम घुटकुपाली के सुकांत समरथ ने बताया कि उन्होंने इस बार अपने मकान टैक्स का ऑनलाइन भुगतान किया है। वे कहते हैं कि गांव-गांव में लोग अब स्मार्ट फोन और ऑनलाइन पेमेंट माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। अब इसी के जरिए उनके पंचायत के टैक्स का भुगतान भी हो रहा है यह आज के दौर के लिए एक जरूरी पहल जिला प्रशासन ने की है। उन्होंने आगे कहा कि इससे समय की बड़ी बचत होगी। यूपीआई आईडी से वो कहीं से भी अपने टैक्स का भुगतान ऑनलाइन कर सकेंगे। इससे अपना काम छोड़ के पंचायत जा कर टैक्स अदा करने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। पंचायत सचिव ओमप्रकाश गुप्ता बताते हैं कि गांव में लोगों को ऑनलाइन पेमेंट के बारे में जानकारी दी गई है। अधिकांश परिवारों में कोई न कोई सदस्य ऑनलाइन पेमेंट के बारे जागरूक है। तो यह पहल निश्चित रूप से लोगों के लिए पहले से अधिक सुविधाजनक होगा।

# ट्रेलर ने तीन लोगों को लिया चपेट में, एक की मौत




**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के भिलाई में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने रायपुर-भिलाई एनएच 56 में तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जोन तीन खुर्सीपार में शर्मा आश्रम के पास रहने वाला गंगा सागर यादव (38) पुत्र जंगली यादव रविवार दोपहर एक बजे के करीब पावर हाउस चौक दुर्गा धर्म कांटा के पास सडक़ पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेलर ने उसको अपनी चपेअ में ले लिया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने गंगा सागर के अलावा दो और लोगों को भी अपनी चपेट में लिया जिसमें एक महिला थी। हादसे में ट्रेलर की टक्कर से महिला दूर जा गिरी, वहीं गंगा सागर ट्रेलर के नीचे आ गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने खुर्सीपार पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंगा सागर को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला की हालत गंभीर होने से उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गठन की पहली वर्षगांठ

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है नवोदित सारंगढ़ जिला : राय

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिला स्थापना का एक साल पूर्ण होने के अवसर पर आज स्थानीय खेलभाठा मैदान में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय और विधायक सारंगढ़ एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उत्तरी गनपत जांगड़े ने दीप प्रज्ज्वलित कर नवगठित जिला के उत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल आयोजित किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं के द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए।



स्थानीय खेलभाठा मैदान में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में हरदी हाईस्कूल, सारंगढ़ के पं. लोचन प्रसाद पांडेय शासकीय महाविद्यालय, प्रांजल मानसिक दिव्यांग स्कूल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। प्रांजल मानसिक दिव्यांग स्कूल के बच्चों के प्रदर्शन से खुश होकर विधायक जांगड़े ने 11 सौ रूपए का नगद इनाम प्रोत्साहन स्वरूप दिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते रहते संसदीय सचिव राय ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सतत् मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सौगात दी है। इस नवीन जिले का निर्माण उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही संस्कृति, तीज-त्यौहार, परंपरा, मान-सम्मान को वास्तविक रूप से संरक्षित किया है, बढ़ावा दिया है। विधायक जांगड़े ने मुख्यमंत्री बघेल को जिला बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि यहां 100 बिस्तर अस्पताल, कोसीर को उप-तहसील बनाया गया है और हाल ही में कोसीर को नगर पंचायत बनाने मंत्रिपरिषद में निर्णय लिया गया है। विधायक जांगड़े ने स्वर्गीय नंदकुमार पटेल के योगदान को याद करते हुए जिला बनने की संक्षिप्त जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के पिछले एक वर्ष की उपलब्धि, पूर्ण हुए कार्यों और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ने 01 सितंबर 2022 को जिले का गठन हुआ था और 3 सितंबर को छत्तीसगढ़ के 30वें जिले के रूप में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अस्तित्व में आया। यह जिला रायगढ़ व बलौदाबाजार जिले से विभाजित होकर और रायपुर-बिलासपुर संभाग से विभाजित कर बनाया गया है। कार्यक्रम को मंजू मालाकार और निराकार पटेल ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ निराकार पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़ मंजू मालाकार, अध्यक्ष जनपद पंचायत बरमकेला तारा शर्मा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सारंगढ़ सोनी बंजारे, सदस्य जिला पंचायत रायगढ़ कैलाश नायक, विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, सहित पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**जिले की पहली वर्षगांठ पर काटा केक, 'सारंगढ़ हर जिला बन गै' गाने पर थिरके जनप्रतिनिधि-** सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला गठन की पहली वर्षगांठ आज जिला मुख्यालय में रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्रदेव राय और सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने केक काटकर जिला स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने का हर्षोल्लास मनाया। मंचस्थ अतिथियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही "सारंगढ़ हर बनगे जिला, बिलाईगढ़ हर बनगे जिला" गाने पर जनप्रतिनिधियों ने थिरककर अपनी खुशियों का इजहार किया।

**रस्साकसी में अधिकारियों की टीम ने मारी बाज़ी-** जिला स्थापना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के दौरान जनप्रतिनिधि टीम और जिला प्रशासन टीम के बीच सांकेतिक स्पर्धा हुई, जिसमें कलेक्टर और एसपी की अगुवाई में जिला प्रशासन की टीम ने जीत हासिल कर बाज़ी मारी। जनप्रतिनिधियों की टीम में संसदीय सचिव चंद्रदेव राय और सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े सहित विभिन्न निकायों के नेतागण शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480